**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to take steps to solve the problem of malnutrition in the country.

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** माननीय अध्यक्ष महोदय, आजादी के 70 साल बाद भी सरकार द्वारा देश को कुपोषण मुक्त करने के लिए अनेकों कार्यक्रम और योजनाएं चलानी पड़ी हैं । मेरे चुनाव क्षेत्र कर्जत में पिछले तीन महीने पहले 171 बच्चे कुपोषित पाए गए और इनमें से 74 बच्चे अति कुपोषित पाए गए । यह जानकारी सरकारी जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई है । मैंने 5 दिसम्बर, 2014 को तारांकित प्रश्न पूछकर सदन के माध्यम से कुपोषण के मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया था तब मुझे मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया था कि सरकार जल्द से जल्द देश को कुपोषण मुक्त करेगी और देश को कुपोषण मुक्त करने के लिए अनेक कार्यक्रम भी चलाएगी । लेकिन, वर्ष 2014 से आज तक देश भर में कुपोषित बच्चों की संख्या पहले से ज्यादा बढ़ गई है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि सरकार कुपोषण को गंभीरता से ले और देश को कुपोषण मुक्त करने के लिए कार्यक्रम चलाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।